उद्यमियों की समस्याओं व समाधान पर मंथन किया

उभरते स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए आउटरीच कार्यशाला आयोजित

जोधपुर, 13 मई (कासं)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग (डीओआईटी एंड सी) राजस्थान सरकार द्वारा जोधपुर संभाग के उद्यमी महिला स्वयं सहायता समूह तथा उभरते स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन में एक दिवसीय संभाग स्तरीय आउटरीच कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें उद्यमियों की समस्याओं व समाधान पर मंथन किया। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग जोधपुर के उप निदेशक जेपी ज्याणी ने बताया कि कार्यशाला का शुभारम्भ डीओआईटी आयुक्त एवं संयुक्त सचिव संदेश नायक द्वारा किया गया। कार्यशाला में जोधपुर एम्स के निदेशक डॉ संजीव मिश्रा एवं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कन्हैयालाल श्रीवास्तव अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में उद्यमिता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना, सरकार के चल रहे प्रयासों के बारे में जानकारी देना और कार्यक्रम के तहत स्टार्टअप को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी देना था। साथ ही इस कार्यक्रम में संबंधित क्षेत्र विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप से जुड़ी समस्याओं पर जानकारी भी साझा की गई। कार्यशाला में राज्य की सफल महिला उद्यमी रूमा देवी ने उभरते स्टार्टअप्स एवं स्वयं सहायता समूह के लिए अपने अनुभव एवं सुझाव व्यक्त किए। कार्यक्रम में जोधपुर डिवीजन स्तर के 150 से अधिक स्टार्टअप एवं उद्यमियों ने भाग लिया। इस दौरान यहां एक प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें उनकी क्षमता का प्रदर्शन किया गया। जोधपुर में बढ़ते उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र पर एक पैनल चर्चा के बाद स्टार्टअप उद्यमियों, ग्रामीण नवप्रवर्तकों द्वारा अमूमन पाई जाने वाली समस्याओं के निवारण के लिए एक प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया गया।